# स्पोर्ट्स

## युवाओं के साथ अनुभव साझा करना अहमः श्रीजेश



*चोट के कारण लगभग चार महीने से मैदान से बाहर रहने वाले भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान व गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने कहा है कि युवाओं के साथ अपना अनुभव साझा करना उनके लिए बेहद खास है। श्रीजेश चोट के कारण लगभग चार महीने हॉकी से दूर रहे थे। वह यहां भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) स्थित राष्ट्रीय अभ्यास सत्र में अपने टीम साथियों के साथ जुड़ चुके हैं। श्रीजेश ने बुधवार को अभ्यास सत्र से इतर कहा कि राष्ट्रीय अभ्यास शिविर में फिर लौटने से मैं काफी खुश हूं।*

**कोरिया ओपन**

# सिंधु, कश्यप और समीर अगले दौर में







**खेल संवाददाता**

सोल। भारत की पीवी सिंधु, परुपल्ली कश्यप और समीर वर्मा ने बुधवार को अपने-अपने मुकाबले जीतकर कोरिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के अगले दौर में प्रवेश कर लिया है। विश्व नम्बर चार सिंधु ने हांगकांग की चेउंग नगान को सीधे गेमों में 21-13, 21-8 से शिकस्त दी। वहीं कश्यप ने चीनी ताइपे के शटलर सू जेन हाओ को 21-13, 21-16 से हराया।

एक अन्य भारतीय खिलाड़ी समीर वर्मा ने विश्व रैंकिंग में 13वें स्थान पर काबिज थाइलैंड के टैनॉन्गसाक साइन्मसोबूनसुक को 21-13, 21-23, 21-9 से मात दी। सौरभ वर्मा को पहले ही दौर में हार का सामना करना पड़ा है। उन्हें जापान के केनाटा निशिमोटो ने 18-21, 21-13, 21-19 से हराकर टूर्नामेंट से बाहर का रास्त दिखाया है। कश्यप ने मंगलवार को क्वालिफिकेशन में अपने दोंनों मैच जीतकर मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई थी। उन्होंने पुरुष एकल क्वालिफिकेशन के पहले राउंड में चीनी ताइपे के लिन यू सिएन को 35 मिनट में 21-19, 21-9 से हराया था। उन्होंने दूसरे राउंड में चीनी ताइपे के ही कान चाओ यू को 34 मिनट में 21-19, 21-18 से हराकर मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई थी।

## पाक दौरे पर टी-20 श्रृंखला खेलेगी इंडीजः पीसीबी

**खेल संवाददाता**

कराची। पाक इस साल नवम्बर में तीन टी-20 मैचों की श्रृंखला के लिए वेस्टइंडीज की मेजबानी लाहौर में करेगा। पीसीबी के अध्यक्ष नजम सेठी ने कहा, इस दौरे के लिए इंडीज क्रिकेट बोर्ड के साथ समझौता हो चुका है और उन्होंने पुष्टि कर दी है कि वे नवम्बर में तीन टी-20 मैचों की श्रृंखला के लिए लाहौर का दौरा करेंगे।

## भारतीय टीम की निगाहें स्पेन के धुरंधरों को चुनौती देने पर

**खेल संवाददाता**

नई दिल्ली। भारतीय टीम डेविस कप विश्व ग्रुप प्ले आफ मुकाबले में पांच बार की चैंपियन स्पेन से भिड़ने के लिए तैयार है जिसमें स्टार राफेल नडाल सहित विश्व स्तर के खिलाड़ी मौजूद हैं। स्पेन की टीम एलीट विश्व ग्रुप में स्थान हासिल करने के लिए बेताब है। विश्व ग्रुप प्ले आफ मुकाबला हालांकि भारत के एकल खिलाड़ी साकेत मायनेनी (चार) और रामकुमार रामनाथन (1) के लिए अच्छा मौका होगा जिनके पास मिलाकर डेविस कप करियर के नाम पर केवल पांच मैच खेलने का अनुभव है।

## 5800 धावकों को पछाड़ गुजरात के आईटी अधिकारी ने जीती लद्दाख मैराथन

**खेल संवाददाता**

अहमदाबाद। अहमदाबाद के एक वरिष्ठ इनकम टैक्स ऑफिसर ने लेह में आयोजित हुई लद्दाख मैराथन जीत ली। इस दौड़ में 29 देशों के 5800 धावक शामिल थे। एडिशनल कमीश्नर (इनकम-टैक्स) विजयकुमार सिंह ने मैराथन के ओपन कैटिगरी में पहला स्थान प्राप्त किया। यह दुनिया के सबसे ऊंचे ऑल्टिट्यूड पर होने वाली दौड़ है। सिंह ने 3 घंटे, 50 मिनट और 33 सेकंड में 42.2 किलोमीटर की फुल मैराथन पूरी की। यह समुद्र तल से 3500 मीटर पर आयोजित हुई। 2004 बैच के आईआरएस ऑफिसर 2014 से अहमदाबाद में तैनात हैं। उन्होंने कहा, यह एक बहुत मुश्किल रेस थी। मौसम के हिसाब से खुद को ढालने के लिए मैं वहां दौड़ से एक हफ्ता पहले पहुंच गया। ऑक्सीजन का लेवल कम था और ऐसे में दौड़ना काफी मुश्किल होता है लेकिन मौसम काफी अच्छा था और तापमान 4-5 डिग्री सेल्सियस था। मैराथन में तीन श्रेणियां थीं- ओपन, लद्दाखी और वेटर्न। अपनी दौड़ के सबसे मुश्किल हिस्से के बारे में बात करते हुए सिंह ने कहा, ज्यादातर मैराथन नीचे उतरने की थी लेकिन आखिरी पांच किलोमीटर की दौड़ सीधी चढ़ाई थी और यही रेस का सबसे मुश्किल हिस्सा भी था।

**प्रो-कबड्डी लीग**

## रांची, पुणे में खेले जाएंगे मुंबई के रद्द मैच

**खेल संवाददाता**

मुंबई। वीवो प्रो-कबड्डी लीग सीजन-5 के मुंबई में बारिश के कारण रद्द हुए मैच अब रांची और पुणे में खेले जाएंगे। लीग के आयोजकों ने बुधवार को इसकी घोषणा की। उल्लेखनीय है कि मुंबई में भारी बारिश के कारण 29 अगस्त को खेले जाने वाले दो मैच रद्द कर दिए गए थे। इस कारण से अब बेंगलुरु बुल्स और यू.पी योद्धा तथा यू-मुंबा और गुजरात फार्च्यूनजाएंट्स के बीच मैच रांची और पुणे में खेले जाएंगे। लीग में यू-मुंबा और गुजरात फार्च्यूनजाएंट्स के बीच का 52वां मैच 20 सितम्बर को बुधवार को रांची के हरिवंश ताना भगत इंडोर स्टेडियम में आठ बजे खेला जाएगा और इसके बाद तय समय के अनुसार, पटना पाइरेट्स और तमिल थलाइवाज के बीच मैच होगा। रद्द हुआ दूसरा मैच बेंगलुरू बुल्स और यूपी योद्धा (51वां मैच) के बीच 17 अक्टूबर को पुणे के श्री शिव छत्रपति स्पोर्ट्स परिसर में आठ बजे ही खेला जाएगा, वहीं तय समय के अनुसार, पुनेरी पल्टन और हरियाणा स्टीलर्स के बीच खेला जाएगा।

# डॉ. चतुर्वेदी ने रजत पदक विजेता दिव्यांग खिलाड़ियों का बढ़ाया हौंसला

**खेल संवाददाता**



जयपुर। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. अरुण चतुर्वेदी ने बुधवार को अंबेडकर भवन में प्रदेश के दिव्यांग, सेरेब्रल पॉल्सी फुटबॉल टीम के राष्ट्रीय स्तर पर रजत पदक जीतने वाली फुटबॉल टीम के दिव्यांग खिलाड़ियों से मिलकर रजत पदक हासिल करने पर हौंसला बढ़ाया।

डॉ. चतुर्वेदी ने फुटबॉल टीम के दिव्यांग खिलाड़ी अखिलेश मीणा, प्रेमचंद मीना, रमेश यादव, प्रेमराज मीणा, चन्दन वर्मा, भवानी सिंह एवं गौरांग से मिलकर उन्हें बधाई दी।

इस अवसर पर विशेष योग्यजन निदेशक डॉ. समित शर्मा ने दिव्यांग खिलाड़ियों द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का नाम रोशन करने पर शुभकामनाएं दी।

राजस्थान फुटबॉल टीम के दिव्यांग खिलाड़ियों ने अपने जज्बे और मेहनत से 17वें राष्ट्रीय फुटबॉल आंध्र प्रदेश (तिरुपति) में चैम्पियनशिप में उप विजेता रहकर राजस्थान का नाम रोशन किया है।

## प्रीति जिंटा ने अपनी टीम का नाम रखा एसबी किंग्स




बालीवुड अभिनेत्री और किंग्स इलेवन पंजाब की सह-मालकिन प्रीति जिंटा ने दक्षिण अफ्रीका की ट्वंटी-20 ग्लोबल लीग में स्टॉलनबॉश टीम का नाम एसबी किंग्स रखा है। प्रीति 2008 में किंग्स इलेवन पंजाब की सह मालकिन बनीं थी। इस समय वह आईपीएल की एकमात्र महिला मालकिन हैं और अब वह ट्वंटी-20 ग्लोबल लीग की टीम की एकमात्र महिला मालकिन भी बन गई हैं।

# बार्सिलोना-चेल्सी ने जीत के साथ किया टूर्नामेंट में शानदार आगाज





**खेल संवाददाता**

बार्सिलोना। स्टार खिलाड़ी लियोनेल मेसी के शानदार प्रदर्शन की बदौलत बार्सिलोना ने चैम्पियंस लीग के नए सीजन का विजयी आगाज किया। लीग के पहले दौर में कैम्प नाउ स्टेडियम में मंगलवार रात खेले गए मैच में बार्सिलोना ने जुवेंतस को 3-0 से मात दी। इस मैच में मेसी ने बार्सिलोना के लिए दो गोल दागे। पहले हाफ में काफी संघर्ष के बाद 45वें मिनट में मेसी ने क्लब के लिए पहला गोल दागा। इसके बाद दूसरे हाफ में इवान रेकिटिक ने 56वें मिनट में दूसरा गोल कर बार्सिलोना को 2-0 से बढ़त दी। जुवेंतस के खिलाफ अपने मजबूत डिफेंस से आगे बढ़ रही बार्सिलोना के लिए मेसी ने 69वें मिनट में तीसरा गोल किया और इस तरह स्पेनिश क्लब ने 3-0 से जीत हासिल की। मेसी ने चैम्पियंस लीग में अब तक कुल 27 क्लबों के खिलाफ गोल दागे हैं। उनके अलावा, तीन अन्य खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो, ज्लातान इब्राहिमोविक और करीम बेंजेमा ही ऐसा कर पाए हैं।

दूसरी ओर यूएफा चैंपियंस लीग के ग्रुप सी के पहले मुकाबले में चेल्सी ने जीत के साथ नए सत्र का शानदार आगाज किया। मंगलवार को खेले गए मुकाबले में चेल्सी ने अजरबैजानी क्लब क्वारबाग को 6-0 से मात दी। लगभग 18 महीने के बाद चैंपियंस लीग में वापसी कर रही चेल्सी टीम ने शुरू से ही मैच में अपना दबदबा कायम रखा। पहले हाफ के ठीक पांचवें मिनट में ही प्रेडो ने 20 गज की दूरी से गोल दाग कर चेल्सी को 1-0 से बढ़त दिला दी। इसी ट्रांसफर सीजन तकरीबन 2.3 करोड़ रुपए में टारिनो से चेल्सी आए डिफेंडर जप्पाकोस्ता ने 30वें मिनट में ही गोल कर टीम को और भी मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। इससे पहले चेल्सी के कोच एंटोनियो कोंटे ने टीम के पांच प्रमुख खिलाड़ियों को आराम दिया। स्ट्राइकर अल्वारो मोराटा, बकायोको और तीन प्रमुख डिफेंडर जिन्होंने पिछले सप्ताह लेस्टर सिटी को हराने में अहम भूमिका निभाई थी, इस मैच में नहीं खेले। चेल्सी के कप्तान गैरी काहिल की भी इस मैच में वापसी हुई। टखने की चोट के कारण बाहर रहने वाले चेल्सी के ईडन हाजार्ड ने भी वापसी की। हालांकि, वह मैच में सिर्फ 32 मिनट के लिए खेले।